Seventeenth Loksabha

p>

Title: Demand to construct a bypass in Badhapur for the easy movement of vehicles.

डॉ. एस. टी. हसन (मुरादाबाद): सर, बहुत-बहुत शुक्रिया ।

सर, मैं आपके माध्यम से सरकार से यह कहना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश की सीमा उत्तराखण्ड राज्य से लगी हुई है । बिजनौर कंस्टीट्युन्सी के अन्दर बढ़ापुर विधान सभा में वहां की पूरी आबादी के बीच में से एक रोड गुजरती है । वह उत्तराखण्ड जाती है । आपको यह जानकर हैरत होगी कि यह रोड कुछ जगहों पर सिर्फ साढ़े नौ फीट की रह गई है, जबकि एक ट्रक का साइज सात फीट का होता है ।

सभापति जी, जब कोई ट्रक गुजरता है तो आप समझ सकते हैं, वहां पर क्या होगा? वहां से एक रिक्शा भी नहीं गुजर सकता है । बढ़ापुर में एक बाइपास का बनना वहां की पूरी आबादी की एक बहुत पुरानी डिमांड है । इसलिए वहां पर जल्द से जल्द एक बाइपास रोड बनाई जाए, मेरी आपके माध्यम से सरकार से यही गुजारिश है ।

HON. CHAIRPERSON : Shri Malook Nagar is permitted to associate with the issue raised by Dr. S.T. Hasan.